18 Ambikapur-BHOOMI-pg 1-0_Layout 1 7/18/2024 9:47 PM Page 1

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 19 जुलाई 2024
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

4 बरसात के मौसम में पहुंचविहीनता का दंश झेल रहा बतौली क्षेत्र का खीराआमा गांव


ए.के. पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट
BMLT | DMLT | D.Pharma | BPT
OT Technician | X-Ray Technician
पुराना नर्सिंग कॉलेज, नमनाकला, अम्बिकापुर (छ.ग.)
7772963125, 9039511123

## 1.85 करोड़ रुपए की मिली थी स्वीकृति

# मल्टीपरपज स्कूल में निर्माण व मरम्मत का कार्य ठप, ठेकेदारों ने खड़े किए हाथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- शिक्षा सत्र शुरू होने के बाद बढ़ी बच्चों की परेशानी

शहर के सबसे पुराने शासकीय मल्टी परपज स्कूल में मरम्मत व निर्माण का कार्य विगत 20 दिनों से बंद पड़ा हुआ है। राशि भुगतान नहीं होने के कारण ठेकेदार ने निर्माण कार्य से अपने हाथ खींच लिए है। सबसे बड़ी बात यह है स्कूल शिक्षा सत्र प्रारंभ हो चुका है लेकिन छह महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद भी एक चौथाई काम पूर्ण नहीं हो पाया है। निर्माण कार्य अधूरा होने से स्कूल प्रबंधन की परेशानी बढ़ गई है और बच्चों को पढ़ाई के लिए खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मरम्मत के नाम पर जगह जगह की गई तोड़फोड़ से स्कूल अस्त व्यस्त हो गया है जबकि आधे अधूरे कार्य से स्कूल के पांच कमरे पूरी तरह से प्रभावित हो गए है।

बता दें कि प्रदेश सरकार द्वारा स्कूल जतन योजना के तहत सरगुजा जिले में शासकीय स्कूलों में मरम्मत, सुधार कार्यों व अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए राशि जारी की थी। जिले में सर्वाधिक 110 करोड़ रुपए की लागत से 1492 स्कूलों के सुधार कार्य की स्वीकृति दी गई और इनमें सबसे बड़ी राशि शासकीय बहुउद्देश्यीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के लिए जारी की गई थी। इस स्कूल के लिए शासन से 1 करोड़ 85 लाख रुपए की राशि जारी की गई। इस स्कूल की महत्ता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इस स्कूल की स्थापना आजादी से पहले की है और इस भवन को ई आकार में बनाया गया था। वर्ष 1914 से स्थापित इस भवन की दीवारें जर्जर हो गई है और काफी पुराने हो चुके स्कूल भवन के मरम्मत के लिए शासन ने राशि दी। राशि मिलने के बाद निर्माण का जिम्मा आरईएस को दिया गया था। स्कूल में सिर्फ दीवारों के प्लास्टर को उखाड़कर नए प्लास्टर करने, फाल सीलिंग सुधारने, रंग पेंट व टाइल्स बदलने, कुछ कमरों के कराकट को बदलने का काम करना था लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि छह माह का समय बीत जाने के बाद भी मल्टीपरपज स्कूल के निर्माण का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। स्कूल में अभी तक सिर्फ छत के कराकट बदलने का काम किया गया है जबकि स्कूल में जगह जगह दीवारों के पुराने प्लास्टर को हटाकर छोड़ दिया गया है और आलम यह है कि आधे अधूरे निर्माण कार्य के कारण स्कूल की व्यवस्था बिगड़ गई है।




मल्टी परपज स्कूल परिसर में बिखरी पड़ी निर्माण सामग्री।

### 2300 की दर्ज संख्या, कम पड़े कमरे

सबसे बड़ी बात यह है कि शहर का सबसे पुराना और एक मात्र अंग्रेजी माध्यम सीबीएसई स्कूल होने के कारण इस स्कूल में एडमिशन लेने वालों की संख्या अधिक है। स्कूल में कक्षा 6वीं से 8वीं तक की दर्ज संख्या लगभग 800 व कक्षा 9वीं से 12वीं तक की दर्ज संख्या 1500 है। इस तरह स्कूल में लगभग 2300 बच्चे पढ़ाई करते है। स्कूल में फिलहाल पांच कमरे निर्माण के नाम पर अधूरे पड़े हुए है और शेष बचे कमरों की हालत भी ठीक नहीं है। ऐसे में बच्चों को पढ़ाई के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सत्र शुरू होने के बाद कमरे के आभाव में स्कूल के हॉल में एक साथ दो से तीन कक्षाएं चल रही है। स्कूल में ग्रीन बोर्ड लगाकर बच्चों को पढ़ाया जा रहा है।

### बिना लैब के पढ़ाई प्रभावित

स्कूल में ठेकेदार द्वारा पांच कमरों में प्लास्टर का काम कर लिया गया है लेकिन इनमें फाल सीलिंग, विद्युतीकरण का काम नहीं हुआ है। कमरे में पंखे, लाइट की व्यवस्था नहीं होने के कारण इनमें पढ़ाई होना मुश्किल है। पांच में से तीन कमरों में लैब का कार्य होता था लेकिन मरम्मत के नाम पर लैब के उपकरण एक कमरे में रखे हुए है और लैब के बिना स्कूल में बच्चों के प्रैक्टिकल की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। यदि स्कूल में इन पांच कमरों को ही कर दिया गया होता तो स्कूल में बच्चों को पढ़ाई के लिए कमरे मिल जाते।

### समय पर नहीं हो रहा भुगतान

ठेकेदारों द्वारा निर्माण कार्य बंद करने के पीछे की मुख्य वजह निर्माण कार्यों के राशि का भुगतान समय पर नहीं होना भी बताया जा रहा है। समय पर राशि जारी नहीं होने के कारण ठेकेदारों ने अपने हाथ खड़े कर लिए है। वहीं स्कूल में कार्य करने के लिए कमरे खाली नहीं मिलने का भी हवाला दिया जा रहा है लेकिन इन सब के बाद भी शहर के बीच स्थित स्कूल के निर्माण में जिस तरह की लापरवाही की जा रही है उससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूल जतन के कार्यों का अंदाजा लगाया जा सकता है। ठेकेदार अब तक तीस प्रतिशत भी काम पूर्ण नहीं कर पाया है जबकि अब शिक्षा सत्र प्रारंभ हो गया है ऐसे में ठेकेदारों को मरम्मत व निर्माण कार्य करने में एक वर्ष से भी अधिक का समय लग सकता है।

### दिए गए है निर्देश

स्कूल में निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया है। कलेक्टर ने स्कूल जतन योजना को लेकर विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर स्पष्ट निर्देश दिए है। स्कूल निर्माण से जुडी राशि जारी कर दी गई है और पीएचई से चर्चा अधिकारियों को निर्माण में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए है।

-अशोक सिन्हा
डीईओ

# प्रशासन ने तीन घरों पर चलाया बुलडोजर, एक एकड़ भूमि कब्जा मुक्त

- कार्रवाई के दौरान करना पड़ा विरोध का सामना, पहुंचे पूर्व खाद्यमंत्री

**बतौली/सेदम।** गुरुवार को राजस्व विभाग की टीम ने शिवपुर में शासकीय जमीन पर किए गए अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की। टीम ने अवैध रूप से बनाए गए तीन मकानों को बुलडोजर चलकर जमींदोज कर दिया। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान राजस्व विभाग की टीम को लोगों के विरोध का सामना भी करना पड़ा। उक्त एक एकड़ भूमि पर एकलव्य विद्यालय का निर्माण किया जाना है। बताया जा रहा है कि ग्राम पंचायत शिवपुर में लगभग एक एकड़ भूमि पर ग्रामीण जयनाथ आ. भदुवा, विगन राम आ. दिलसाय, हेमलता पिता जगमोहन विगत छह सात वर्षों से मकान बनाकर निवासरत थे। उक्त जमीन पर डेढ़ एकड़ में एकलव्य विद्यालय का निर्माण कराया जाना है और अवैध निर्माण के कारण विद्यालय का बाउंड्रीवाल प्रभावित हो रहा था। ऐसे में राजस्व विभाग की टीम द्वारा आज अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान अधिकारियों को भारी विरोध का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों का कहना था कि क्षेत्र में और भी लोगों द्वारा अतिक्रमण किया गया है लेकिन सिर्फ तीन लोगों पर एकपक्षीय कार्रवाई की जा रही है और बारिश के मौसम में उन्हें बेघर किया जा रहा है लेकिन अंततः टीम ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान कार्रवाई के दौरान एसडीएम रवि राही, एसडीओपी राजेंद्र मंडावी, तहसीलदार तारा सिदार सहित अन्य अधिकारियों की टीम मौजूद रही।



इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद पूर्व खाद्यमंत्री अमरजीत भगत भी मौके पर पहुंचे थे और उन्होंने ग्रामीणों से बात करने साथ ही अधिकारियों से न्याय संगत कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण हटाने के नाम पर बेवजह ग्रामीणों को परेशान ना किया जाए और शेष अतिक्रमणकारियों पर भी कार्रवाई हो। कार्रवाई के बाद अतिक्रमणकारियों को पुनर्वास की व्यवस्था के तहत हॉस्टल में रहने और खाने की व्यवस्था प्रशासन की ओर से की गई। इस संबंध में एसडीएम रवि राही ने बताया कि एकलव्य विद्यालय के निर्माण में डेढ़ एकड़ शासकीय भूमि पर तीन ग्रामीणों द्वारा अवैध कब्जा किया गया था। अवैध अतिक्रमण से विद्यालय के बाउंड्री वॉल निर्माण में व्यवधान उत्पन्न हो रहा था। अवैध अतिक्रमण को तत्काल हटाया गया और परिवार को शासकीय भवन में रहने की व्यवस्था दी गई है।

*अम्बिकापुर। ग्राम घंघरी निवासी शिवनारायण कोरवा बुधवार की दोपहर घर में था इसी दौरान अंतिम संस्कार में शामिल होने आए दामाद रवि कोरवा घर में रखे चावल को बेचने के लिए लेकर जा रहा था। जिसे देखा ससुर ने मना किया तो दामाद ने डंडे से उस पर जानलेवा हमला कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने दामाद के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

अंश COMPUTER EDUCATION
PGDCA
DCA
BA, MA, PGDRD, B.LIB, B.sc..
अंश कम्प्यूटर सेंटर
जिला - बलरामपुर
8964951878

चैतन्य इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस
6260864817
8461868812
उपरोक्त कोर्स छत्तीसगढ़ पैरामेडिकल कॉउंसिल में रजिस्ट्रेशन हेतु मान्य
ADMISSION OPEN 2024-25
BMLT 3 YEAR लैब टेक्निशियन डिग्री
CCH 1 YEAR
DMLT 2 YEAR लैब टेक्निशियन डिप्लोमा
Dialysis 2 YEAR
Opthalmic 2 YEAR नेत्र सहायक डिप्लोमा
X-RAY 1 YEAR एक्स- रे टेक्निशियन
OT 1 YEAR ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
MPHW 1 YEAR
Dresser 1 YEAR ड्रेसर टेक्निशियन
OUR BRANCH
अम्बिकापुर | रायपुर | बिलासपुर | बस्तर

(अम्बिकापुर) प्रवेश प्रारंभ (अम्बिकापुर)
न्यू महाराणा I.T.I.
Affiliated by:- (N.C.V.T & D.E.T.)
New Delhi (Govt. Of India)
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, डीजल मैकेनिक, फिटर
योग्यता-10वीं पास (प्राईवट, ओपन,पत्राचार, नियमित)
प्रथम प्रवेशित 50 छात्रों को विशेष छुट
अतिशीघ्र प्रवेश लेवें मात्र 999/- नो डोनेशन
स्थान सीमित 100% रोजगार परक प्रशिक्षण
प्राचार्य: माखन विहार के बाजू में
(कन्या परिसर रोड) अजरिमा अंबिकापुर
मो. 9203914565, 9713310420, 9203914561

SHREE SHIVAM
तोड़ फोड़
Super 3 DAYS SALE
www.shreeshivam.com
Unlimited Shopping
Unlimited Offers
19, 20 & 21 JULY
Tod Fod Sale will Continue till 5th August.
GET EXCLUSIVE OFFERS ON
SAREES | LEHENGA
KURTIS | SHERWANI
EVENING GOWN | DRESS MATERIAL
COAT SUIT
KIDS WEARS
FLAT 50% OFF
FORCE | GINI & JONY | KIDS WEARS | LEVI'S | Little Kangaroos
SHLOK | ROOKIES | MUFTI | NAUTICA
MONTE CARLO | PONTIAC | WHITE HANGER | spykar
BUY 2 50% OFF
GAS | INDIAN TERRAIN | IZOD | KAZO | UNITED COLORS OF BENETTON
JACK & JONES | KILLER | SELECTED | VERO MODA
W | aurelia | WISHFUL
UPTO 40% OFF
CK | LOUIS PHILIPPE | VAN HEUSEN
UPTO 50% OFF
TOMMY HILFIGER | CRIMSOUNE CLUB | MINI KLUB
SWEET DREAMS | CAMLA | madame | PUMA
JACK & JONES Jr. | RARE RABBIT | BLACKBERRYS | TWENTY DRESS
BUY 2 GET 2 FREE
U.S. POLO ASSN. | ARROW | ColorPlus
PARK AVENUE | LINEN CLUB | parx
T&C apply.
AND MANY MORE
SHREE SHIVAM
THE TOGETHERNESS STORE
MEN | WOMEN | KIDS WEAR
BHOPAL | CHHINDWARA | JABALPUR | NAGPUR
Raipur: Beside Axis Bank, Jeevan Bima Marg, Pandri | Durg: Santra Badi, Station Road
Bilaspur: Agrasen Chowk, Link Road, In Front Of Raghuraj Singh Stadium
Follow us on shreeshivamclothing | 7222955555 | Donate Organ. Donate Life. | AMPLE PARKING SPACE

18 Ambikapur-Bhoomi pg-2_Layout 1 7/18/2024 9:19 PM Page 1





# 'बजरंगी भाईजान' के नौ साल पूरे निर्माताओं ने जारी किया वीडियो

**नई दिल्ली।** 'बजरंगी भाईजान' 17 जुलाई 2015 को रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने अपनी रिलीज को नौ साल पूरे कर लिए। इस खास मौके पर फिल्म को बनाने वाली कंपनी सलमान खान फिल्म्स ने बरजंगी भाईजान के कुछ पर्दे के पीछे दृश्य फैंस के साथ साझा किए। इसके साथ कैप्शन में लिखा, 'हम बजरंगी भाईजान के नौ साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं, ऐसे में हम आपको बजरंगी भाईजान के पर्दे के पीछे (बीटीएस) एक्शन से पहले और कट के बाद हुई पागलपन भरी मस्ती के पलों के साथ पुरानी यादों में ले चल रहे हैं।' इस बीटीएस वीडियो में फिल्म के कलाकारों को मस्ती मजाक करते हुए देखा जा सकता है।



लाइफ Style

# दीपिका

## परोसी थाली दिखाकर दिए डाइटिंग टिप्स

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री दीपिका पादुकोण इन दिनों अपना पूरा ख्याल रख रही हैं। रखना भी चाहिए, आखिर नई जिम्मेदारी जो निभानी है। दीपिका गर्भवती हैं और इन दिनों अपनी सेहत और खानपान का ध्यान रख रही हैं। सोशल मीडिया पर भी भरपूर समय बिता रही हैं और अपने फैंस को भी बीच-बीच में सलाह दे देती हैं।

दीपिका ने अपने फैंस को खानपान संबंधी कुछ टिप्स दिए हैं और साथ ही संतुलित आहार का महत्व बताती दिखी हैं। दीपिका पादुकोण ने इंस्टाग्राम पर खाने के कुछ आइटम्स की तस्वीरें साझा की हैं। इनमें समोसा है, मिठाई है, केक और आइसक्रीम जैसी चीजें भी हैं। इसके साथ उन्होंने लिखा है, 'क्या आप मेरे फीड पर यह देखकर हैरान हैं? खैर, मैं ये सब खाती हूं! और मैं अच्छे से खाती हूं! जो कोई भी मुझे जानता है, उससे पूछिए। इसलिए आप जो कुछ भी सुनते या पढ़ते हैं, उस पर विश्वास न करें'। दीपिका ने आगे लिखा, 'लेकिन इसकी ट्रिक क्या है? बैलेंस, स्थिरता और अपने शरीर की सुनना। ऐसा लगता है कि 'डाइट'शब्द को लेकर बहुत सी गलतफहमियां हैं। हम अक्सर मानते हैं कि 'डाइट'का मतलब है भूखा रहना, कम खाना और वो सब खाना जिनसे हमें नफरत है। लेकिन, 'डाइट'का मतलब हकीकत में यह है कि कोई व्यक्ति जो भी खाना और पेय पर्दार्थ लेता है। यह शब्द वास्तव में ग्रीक शब्द 'डायटा' से आया है, जिसका अर्थ है 'जीवन जीने का तरीका'। दीपिका ने आगे लिखा, 'जहां तक मुझे याद है, मैंने हमेशा 'संतुलित आहार'का पालन किया है। और यह मेरे लिए 'जीवन जीने का एक तरीका' है। मैंने कभी भी ऐसा आहार नहीं अपनाया है, जिसका मैं लगातार पालन न कर सकूं या जो एक सनक बन जाए।

## हॉलीवुड मसाला



# फिल्म क्वार्टर की योजना का अनावरण

**लंदन।** कैमडेन फिल्म क्वार्टर नामक विकास परियोजना के तहत लंदन में नए फिल्म और टीवी स्टूडियो बनाने की योजना का अनावरण किया गया है। लंदन बरो ऑफ कैमडेन के केंटिश टाउन में साउंडस्टेज, नेशनल फिल्म एंड टीवी स्कूल कैंपस, और घरों और कार्यस्थलों की योजना है। कैमडेन फिल्म क्वार्टर एक ऐसी जगह होगी, जिसमें सुविधाएं, आवास और सार्वजनिक स्थान होंगे। इसमें फिल्म और टीवी मुख्य होंगे। साथ ही इंडस्ट्री के लिए कई स्टूडियो और स्थान होंगे।



# स्ट्रेंजर थिंग्स 5 शो में हुई नए कलाकारों की एंट्री

**लॉस एंजिलिस।** नेटफ्लिक्स ने स्ट्रेंजर थिंग्स के आगामी पांचवें सीजन को लेकर एक नया ऐलान किया है। दिग्गज ओटीटी प्लेटफॉर्म की ओर से पांचवें सीजन के लिए तीन और कलाकारों के नाम पर मुहर लगा दी गई है। शो में नेल फिशर, जेक कोनेली और एलेक्स ब्रेक्स जल्द ही अपनी अदाकारी का जादू बिखेरते हुए नजर आएंगे। साथ ही, नेटफ्लिक्स ने शो के पर्दे के पीछे के वीडियो के जरिए इन तीनों कलाकारों और लिंडा हैमिल्टन की झलक भी साझा की है। पांचवें सीजन की लगभग आधी शूटिंग खत्म हो चुकी है। जारी किए गए वीडियो में सीजन 4 के फिनाले में हुई भयावह घटना के बाद के कुछ सुराग दिए गए हैं। वीडियो में हॉकिन्स हाई स्कूल जिसमें, शो के मुख्य किरदार पढ़ते हैं, वह काफी हद तक बरकरार दिख रहा है।



# ये सात फिल्में कर दी थीं रिजेक्ट

**नई दिल्ली।** कैटरीना कैफ अपना 41वां बर्थडे मना रही हैं।। वहीं इन दिनों वह प्रेग्नेंसी रुमर्स के चलते सुर्खियों में हैं। लेकिन फिल्मी करियर की बात करें तो वह उन एक्ट्रेसेस में से एक हैं, जिन्होंने बॉलीवुड में कई हिट फिल्में दी। इनमें नमस्ते लंदन से लेकर जिंदगी ना मिलेगी दोबारा और एक था टाइगर जैसी फिल्में हैं। 17 साल के करियर में उन्होंने कई फिल्में रिजेक्ट कीं। लेकिन सात ऐसी फिल्में, जिन्हें रिजेक्ट ना करती तो कटरीना कैफ का रुतबा कुछ अलग ही था। इस लिस्ट में 300 करोड़ से ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है। पहली फिल्म चेन्नई एक्सप्रेस, दूसरी फिल्म बर्फी, तीसरी फिल्म रामलीला, चौथी फिल्म ये जवानी है दीवानी, पांचवी फिल्म बाजीराव मस्तानी, छठी फिल्म गुंडे, सातवीं फिल्म हाफ गर्लफ्रेंड है, जिसमें श्रद्धा कपूर औऱ अर्जुन कपूर लीड रोल में थे। लेकिन इससे पहले कटरीना कैफ को फिल्म ऑफर हुई थी।



# राघव जुयाल की विलेनगिरी ने जीता सबका दिल

**नई दिल्ली।** कल्कि 2898एडी को टक्कर देने 12 दिन पहले यानी 5 जुलाई को किल रिलीज हुई थी। एक्शन थ्रिलर मूवी में डेब्यू कर रहे एक्टर लक्ष्य और राघव जुयाल नजर आ रहे हैं। जैसा कि आप जानते हैं राघव जुयाल को बॉलीवुड फिल्में और डांस रियलिटी शोज में कॉमेडी को लेकर काफी फेमस हैं। वह किल में विलेन के रोल में नजर आ रहे हैं। इसे दर्शक भी काफी पसंद कर रहे हैं। इसी बीच मेकर्स ने रीमेक को लेकर अपडेट दिया और निखिल नागेश भट निर्देशित फिल्म 'किल' के भारतीय रीमेक के बारे में चल रही अटकलों को साफ किया है। धर्मा प्रोडक्शन ने स्टेटमेंट ने जारी करते हुए लिखा, 'हमारी फिल्म किल के रीमेक को लेकर हाल ही में चल रही अटकलों पर विराम लगाते हुए हम पुष्टि करते हैं कि केवल अंग्रेजी भाषा के रीमेक के अधिकार बेचे गए हैं।

## टीवी मसाला



# 'तारक मेहता...' में फिर टूटी पोपटलाल की सगाई

नई दिल्ली। 'तारक मेहता' में हाल ही पोपटलाल की शादी फिर से कैंसिल हो गई, जिससे फैंस निराश हो गए। पोपटलाल की मधुबाला से सगाई हो रही थी पर थैलेसीमिया के कारण उनकी शादी तोड़नी पड़ी। असित मोदी ने इस पर रिएक्ट किया और बताया कि पोपटलाल की शादी क्यों कैंसिल करनी पड़ी। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के लेटेस्ट एपिसोड में दर्शकों को उस वक्त बड़ा झटका लगा जब पोपटलाल और मधुबाला की सगाई टूट गई। दर्शक लंबे वक्त से पोपटलाल की शादी का इंतजार कर रहे थे। डॉ. हाथी ने बताया कि पोपटलाल और मधुबाला में थैलेसीमिया के लक्षण हैं। यह एक जेनेटिक बीमारी है, जिसमें हीमोग्लोबिन का स्तर काफी घट जाता है, जो आगे चलकर घातक साबित हो सकता है। इससे दर्शकों का दिल टूट गया था। फैंस को इस बात से झटका लगा कि पोपटलाल की शादी होते-होते रह गई। अब शो के प्रोड्यूसर असित मोदी ने इस बारे में बात की है। उन्हें पता है कि दर्शक 'तारक मेहता' में पोपटलाल की शादी न होने से कितने निराश हैं। लेकिन वह चाहते हैं कि दर्शक शो की कहानी पर फोकस करें और देखें कि किस तरह थैलेसीमिया जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरुकता फैलाई जा रही है।

# लड़की के चक्कर में हुई थी अदनान शेख की पिटाई?

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस ओटीटी 3' के पहले वाइल्ड कार्ड प्रतियोगी के रूप में अदनान शेख की एंट्री हुई है। अदनान के घर में आने से हलचल और ज्यादा बढ़ गई है। जहां कुछ नई गतिशीलताएं बन रही हैं तो कुछ पुरानी गतिशीलताएं थोड़ी अस्थिर प्रतीत हो रही हैं।



लेटेस्ट एपिसोड में अरमान मलिक अपनी पत्नी कृतिका मलिक से अदनान शेख के बारे में बात करते नजर आए। इस दौरान उन्होंने एक ऐसा चौंकाने वाला खुलासा किया, जिसे जानकर दर्शक भी दंग रह गए हैं। बातचीत में अरमान, कृतिका के सामने यह खुलासा करते नजर आए कि कुछ साल पहले अदनान की भीड़ ने पिटाई कर दी थी। अरमान ने खुलासा किया, 'फैजू ने एक इंटरव्यू में कहा था कि हम सब में से सबसे ज्यादा गुस्से वाला ये है। खाक गुस्से वाला है, कुछ लोगों ने एक बार इसे घेर कर बहुत मारा था रोड पे।' जब कृतिका ने इसके पीछे का कारण पूछा, तो अरमान ने कहा, 'लड़की के चक्कर में मार खाई थी इसने।' कृतिका तब हैरान रह गईं ।

# जया के लिए बारिश में छाता पकड़े नजर आए अमिताभ

मुंबई। अमिताभ बच्चन की एक तस्वीर इस वक्त सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है, जिसमें वह पत्नी जया बच्चन के लिए बारिश में छाता पकड़े नजर आ रहे हैं। फैंस अमिताभ के इस जेस्चर की खूब तारीफ कर रहे हैं, पर उन्हें जया का रवैया पसंद नहीं आ रहा है। कुछ



यूजर्स ने तो इस पर सवाल भी करने शुरू कर दिए। 81 वर्षीय अमिताभ बच्चन ने एक्स पर एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें वह पत्नी जया बच्चन के सिर पर छाता पकड़े हुए नजर आ रहे हैं। साथ में लिखा है, 'हर रोज बारिश हो रही है। यहां तक कि सेट पर काम पर भी।' तस्वीर में जया हाथ में लड्डू पकड़े हैं और चेहरे पर उदासी नजर आ रही है।' इस तस्वीर पर जहां फैंस ने प्यार लुटाया और अमिताभ बच्चन की तारीफ की, वहीं यूजर्स को जया बच्चन का ऐसा अंदाज रास नहीं आया। यूजर्स ने सवाल किया कि जया हमेशा गुस्से में क्यों रहती हैं? वह इस तस्वीर में गुस्से में क्यों हैं? एक यूजर ने कमेंट किया, 'मैडमजी हमेशा गुस्से में क्यों रहती हैं?' एक और यूजर ने लिखा है, 'जीरो से लेकर शोहरत के चरम तक, हर पुरुष की यही हालत है।'

# फिल्मों में नहीं करेंगी काम



**नई दिल्ली।** इलियाना डिक्रूज अपनी पर्सनल लाइफ पर ध्यान देने के लिए फिल्मों से दूर रह रही हैं। खास तौर पर अपने बेटे कोआ फीनिक्स डोलन के साथ ज्यादा समय बिताने और उन्हें अच्छी परवरिश देने के लिए इलियाना ने काम से ब्रेक के बारे में सोचा। इलियाना एक मां के रूप में अपनी जिंदगी के नए फेज को अपना रही हैं और सही समय आने तक लाइमलाइट से दूर रहना चाहती हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर आस्क मी एनीथिंग (एएमए) सेशन के दौरान यह खुलासा किया. पिछले साल अगस्त में अपने पार्टनर माइकल डोलन के साथ एक बेटे की मां बनीं इलियाना फिलहाल अपने करियर से ज्यादा अपने परिवार को प्रायौरिटी दे रही हैं। हाल ही में एएमए सेशन के दौरान एक फैन ने उनसे फिल्मों में वापसी के बारे में पूछा। इलियाना ने जवाब दिया, 'जब सही समय आएगा तब आप मुझे फिल्मों में देख पाएंगे, फिलहाल मैं अपने बेटे को अपना समय देना चाहती हूं।' उन्होंने अपनी नींद के शेड्यूल के बारे में भी अपडेट शेयर किया। बताया कि अब जबकि वह एक फुलटाइम मॉम हैं। 'बर्फी' एक्ट्रेस ने एक फैन के कहने पर अपने पति माइकल के साथ एक फोटो भी शेयर की। उन्होंने तस्वीर को कैप्शन दिया, 'प्री-बेबी बेबीज।'

# रानी चटर्जी ने मरून कुर्ते में किया कमाल का डांस



**नई दिल्ली।** बड़की बहू छोटकी बहू की एक्ट्रेस रानी चटर्जी की चर्चा इन दिनों हर ओर है। उनकी भोजपुरी फिल्म बड़की बहू छोटकी बहू यूट्यूब पर फैन्स का खूब दिल जीत रही है। उनकी अगली फिल्म दीदी नंबर वन का ट्रेलर भी रिलीज हो गया है। इस बीच भोजपुरी एक्ट्रेस रानी चटर्जी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह मरून कुर्ते में किसी मनोहर पार्क या फिर सेट पर नहीं बल्कि टूटी फूटी बालकनी में डांस कर रही हैं। इस वीडियो में भोजपुरी क्वीन का डांस बहुत ही कमाल का है और फैन्स के भी काफी मजेदार कमेंट आ रहे हैं। भोजपुरी एक्ट्रेस रानी चटर्जी ने जो वीडियो शेयर किया है उसमें वो हिंदी गाने बदमाश दिल तो ठग है बड़ा गाने पर डांस करती दिख रही हैं। उन्होंने एक सिंपल सा मरून कुर्ता पहना हुआ है। बाल भी पीछे की तरफ बहुत सिंपल तरह से टाई किए गए हैं। मेकअप और दूसरी एसेसरीज भी ना के बराबर हैं। लेकिन रानी चटर्जी ने सारा कमाल अपने एक्सप्रेशन और अपने डांस से किया है। गाने की शुरुआत में वो मुंडेर पर हाथ रख कर स्माइल करते हुए गाने के साथ लिप सिंक करती हैं।

# इन अभिनेत्रियों का अभिनय देख दर्शकों ने पीटा माथा

## ओवरएक्टिंग के हर पायदान पर आईं अव्वल

**मुंबई।** बॉलीवुड हसीनाओं के लाखों-करोड़ों में चाहने वाले होते हैं। इनके फैंस इनकी एक झलक पाने के लिए उत्सुक दिखाई देते हैं। कई लड़कियां इन अभिनेत्रियों के स्टाइल को भी कॉपी करना पसंद करती हैं। ये हसीनाएं फिल्मों में अपने किरदार को रियल दिखाने के लिए कड़ी मेहनत करती हैं। इसके बावजूद भी कई बार फैंस इनके अभिनय को ओवरएक्टिंग का टैग दे देते हैं। इंडस्ट्री में कई मशहूर अभिनेत्रियां, जिनकी एक्टिंग देखकर दर्शकों ने अपना माथा पीट लिया है। इसके चलते कई बार ये ट्रोलर्स के निशाने पर भी आ जाती हैं।



### सारा अली खान

बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान का नाम इस लिस्ट में पहले नंबर पर आता है। सारा ने फिल्म केदारनाथ से बॉलीवुड में कदम रखा था। सारा को भी उनके अभिनय प्रदर्शन के लिए कई बार ट्रोलर्स के निशाने पर आना पड़ गया है। यूजर्स सारा को ओवरएक्टिंग का टैग दे चुके हैं।

### करीना कपूर खान


बॉलीवुड में बेबो के नाम से मशहूर करीना कपूर खान की फिल्मों के लोग दीवाने हैं। अपनी शानदार अदाकारी से करीना फैंस के दिलों पर राज करती हैं। हाल में करीना क्रू में नजर आई थीं। मगर दर्शकों ने करीना की भी कई फिल्मों में उनके अभिनय को ओवरएक्टिंग करार दिया है।





### अनन्या पांडे

अभिनेत्री अनन्या पांडे भी अपने अभिनय प्रदर्शन को लेकर कई बार ट्रोलर्स के निशाने पर आ चुकी हैं। सोशल मीडिया पर नेटीजन्स उनकी एक्टिंग को ओवरएक्टिंग का बता चुके हैं। वह आखिरी बार फिल्म खो गये हम कहां में नजर आई थीं।



### जान्हवी कपूर

अभिनेत्री जान्हवी कपूर का नाम इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर आता है। जान्हवी कई फिल्मों में अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेर चुकी हैं। अभिनेत्री के फैशन और उनके स्टाइल के लोग दीवाने हैं। मगर अभिनय के में जान्हवी भी कई बार ट्रोल हो चुकी हैं। उनकी कई फिल्मों में दर्शकों ने उनके अभिनय को ओवरएक्टिंग बताया है।

### तारा सुतारिया

अभिनेत्री तारा सुतारिया का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। तारा ने फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से बॉलीवुड में कदम रखा था। अभिनेत्री की तस्वीरें और स्टाइल फैंस को काफी पसंद आता है। तारा सुतारिया की एक्टिंग के मामले में कई दर्शक ओवरएक्टिंग का टैग दे चुके हैं।



### राहगीर एवं ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी, हो सकती है बड़ी दुर्घटना

# नगर पंचायत में नहीं कांजी हाउस सड़कों पर आवारा मवेशियों का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर


सड़क पर मवेशियों का जमावड़ा।

**खास बात**
- लंबे समय की जा रही कांजी हाउस की मांग

नगर में इन दिनों आवारा मवेशियों संख्या में काफी बढ़ोतरी हो गई है। मवेशी मालिकों द्वारा मवेशियों को खुला छोड़ने नगर के अलग-अलग क्षेत्र में मवेशियों के जमावड़ा लगा रहता है जो अब राहगीरों की परेशानी का सबब बन गया है। हैरानी की बात तो यह है कि आवारा मवेशियों के लिए नगर पंचायत में कांजी हाउस तक नहीं है। ऐसे में सड़क पर डेरा जमाए मवेशी अब वाहन चालकों के दुर्घटना का कारण बन रहे है।

नगर पंचायत के अधिकारियों की लापरवाही एवं अनदेखी के कारण नगर की प्रमुख सड़क पर आवारा मवेशियों के विचरण करने से अब सड़क गौशाला में तब्दील हो गई है। नगर पंचायत के प्रमुख मार्ग कॉलेज चौक, बस स्टैंड, बाजार, राजघराना चौक, कदमपारा चौक, थाना चौक, मंदिर चौक सहित अन्य सड़क मार्ग पर बड़ी संख्या में जगह-जगह आवारा मवेशियों का झुंड 24 घंटे देखा जा सकता है। शहर के अंदर गली मोहल्लों में भी आवारा मवेशी कई बार लोगों के लिए मुसीबत बन रहे हैं। शहर के विभिन्न मार्गों को मवेशियों ने अपना बसेरा बना लिया है। दिन के समय राहगीर किसी तरह मवेशियों से बच कर आवागमन करते है लेकिन रात के समय शहर के प्रमुख मार्गों पर आवारा मवेशी बैठे रहते है जिससे हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। मुख्य मार्ग होने के कारण रात के समय दो पहिया एवं बड़े-बड़े ट्रकों के आवागमन करने से कई बार मवेशी चपेट में आ जाने से गंभीर रूप से घायल हो जाते है तो कभी दो पहिया एवं कार सवार दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से घायल हो जाते है।

### फसलों को पहुंचाते है नुकसान

दिन हो या रात किसान इन आवारा मवेशियों से परेशान रहते है। नगर से खदेड़ने के बाद मवेशी आसपास के खेतों में पहुंच जाते है जहां फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं। कई बार तो मवेशी को खुला छोड़ देने वाले पशुपालक के साथ लड़ाई झगड़े की नौबत तक आ जाती है। इन पशुओं का आतंक इतना है कि अगर एक मवेशी खेत की ओर गया तो उसके पीछे बड़ी संख्या में मवेशी खेत पहुंच जाते है और फसलों को नुकसान पहुंचाते है।

### कांजी हाउस की मांग

नगर में आवारा मवेशियों की संख्या में वृद्धि होने तथा सड़कों पर मवेशियों के डेरा जमाने से हो रही परेशानी को लेकर लंबे समय से कांजी हाउस की मांग की जा रही है परंतु आज तक मांग पूरी नहीं हो सकी। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि गांव-गांव में कांजी हाउस पशुओं के लिए बनाए गए हैं। पूर्व में भी नगर पंचायत क्षेत्र में स्थानीय बस स्टैंड के पीछे कांजी हाउस था जहां आवारा पशुओं को रखा जाता था। मगर उक्त स्थान पर कांजी हाउस को तोड़कर नगर पंचायत द्वारा भवन बना दिया गया तब से लेकर आज तक कांजी हाउस की व्यवस्था नहीं की गई। ऐसे में अब आवारा मवेशी लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गए है।

### वापस आ जाते है मवेशी

नगर पंचायत के लोग हर रोज आवारा मवेशियों को शहर से खदेड़ते है परंतु आवारा मवेशी पुनः वापस लौट जाते है। आवारा मवेशियों के रखने की व्यवस्था बनाई जाएगी।

-यूसफ्रिया एक्का
सीएमओ नगर पंचायत

## दो दिनों से गायब ग्रामीण का कुएं में मिला शव

**बिश्रामपुर।** दो दिन पूर्व रहस्यमय ढंग से गायब ग्रामीण का शव गुरुवार को उसी के बाड़ी स्थित कुएं से बरामद हुआ है। लटोरी पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गजाधरपुर दर्रीपारा निवासी 47 वर्षीय ईश्वर चेरवा पिता पावर चेरवा मंगलवार की शाम शौच हेतु अपने घर से निकला था। बताया गया कि रात में भी वापस घर नहीं लौटने पर दूसरे दिन परिजन द्वारा तलाश शुरू की गई लेकिन कोई सुराग नहीं मिल सका। गुरुवार की सुबह जब मृतक की मां अपने बाड़ी में सब्जी लेने गई तब कुएं में मृतक का शव पानी में तैरता देख तत्काल इसकी सूचना परिजन को दी। सूचना पर लटोरी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा व पीएम कराने उपरांत शव को परिजन के सुपुर्द किया तथा मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। मामले में पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही वस्तुस्थिति स्पष्ट हो सकेगी। मृतक के आंख के पास चोट का निशान देखा गया है।







# कला संस्कृति का विस्तार कर रही संस्कार भारती : चिंतामणि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर



- सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद

अखिल भारतीय संस्कार भारती द्वारा जिला मुख्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मुख्य अतिथि के रूप में सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि संस्कार भारती द्वारा क्षेत्र के लोक कला को जीवंत रखने का कार्य किया जा रहा है। मेरी शिक्षा संस्कृत से हुई है और मैंने अपने शिक्षा में पढ़ा है कि संगीत भगवान शिव की डमरू से उत्पन्न हुआ है। संगीत से जुड़े कला साधक ईश्वरीय कार्य में लगे हुए हैं। समाज में लोगों को आगे आकर कला साधकों का सम्मान करना चाहिए। जनपद पंचायत उपाध्यक्ष भानु प्रकाश दीक्षित ने कहा कि संस्कार भारती का कार्य इसी तरह चलता रहे यह समाज के लिए आवश्यक कार्य है। संस्कार भारती के जिला महामंत्री मनोज तिवारी द्वारा गौ सेवा के क्षेत्र में कार्य करने वाले बद्री यादव को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।संस्कार भारती के जिला कार्यकारी अध्यक्ष संजय मेहता, लोकेश पांडे, सोनू गुप्ता, दिनेश बिंद सहित डेढ़ सौ कार्यकर्ता और कलाकारों को छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम के सौजन्य से जुट और बांस से बने बैग से सम्मानित किया गया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल, भाजपा बलरामपुर मंडल अध्यक्ष दिलीप सोनी, भाजपा जिला महामंत्री दीनानाथ यादव, भाजपा नेता गोपाल मिश्रा, शैलेश गुप्ता, संस्कार भारती जिला अध्यक्ष सच्चिदानंद तिवारी, की पवन पांडे और दिवाकर मुखर्जी आदि मौजूद थे।

## दो दर्जन से अधिक पुलिस कर्मियों के तबादले

**बिश्रामपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर ने दो दर्जन से अधिक पुलिस कर्मियों का गुरुवार को तबादला आदेश निकाल उनके वर्तमान पदस्थापना स्थल को बदला है। जारी आदेश में सात सहायक उपनिरीक्षक, दस प्रधान आरक्षक एवं नौ आरक्षक के नाम शामिल हैं। जारी सूची में एएसआई वर्ग से जयनगर थाना में पदस्थ वरुण तिवारी को थाना चन्दौरा, मानिक दास को बसदेई से लटोरी, अश्विनी पांडेय आजाक से सूरजपुर, अरविंद प्रसाद बिश्रामपुर से पुलिस कार्यालय रीडर शाखा, मंजू सिंह सखी सेंटर से थाना ओड़गी, निलकुसम बेक सहायता केंद्र जरही से चन्दौरा, गुरु प्रसाद यादव थाना प्रतापपुर से सूरजपुर भेजा गया है।




# शिवनंदनपुर को नपं बनाने की मांग, ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर को शीघ्र नगर पंचायत का दर्जा दिलाए जाने की मांग को लेकर गुरुवार को पंचायत के जनप्रतिनिधि व दर्जनों नागरिकों द्वारा सूरजपुर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया है।कलेक्टर के नाम संयुक्त कलेक्टर शिवानी जायसवाल को सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर राष्ट्रीय राज्य मार्ग 43 के 351 किमी से 353 किमी के मुख्य मार्ग के उत्तर एवं दक्षिण दिशा के सीमा पर भौगोलिक क्षेत्रफल पर स्थित है।

राष्ट्रीय राजमार्ग 43 के दोनों छोरों पर लगभग 500 व्यवसायिक दुकानें संचालित है, जहां आस-पास के ग्रामों के लोगों द्वारा प्रतिदिन व्यवसायिक गतिविधि हेतु आवागमन होता है। मुख्य मार्ग पर सेंट्रल बैंक, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, एचडीएफसी बैंक, केनरा बैंक, जीवन बीमा का कार्यालय, विभिन्न बैंक के एटीएम, समेत दो पहिया वाहनों का शो रूम संचालित है। ग्राम के सीमा में एसईसीएल बिश्रामपुर के मुख्य महाप्रबंधक का कार्यालय एवं खान बचाव केन्द्र व प्रबंधन का डीएमक्यू एवं रेस्क्यू का आवासीय कालोनी भी निर्मित है, जहां सैकड़ों लोग निवासरत हैं। मुख्य मार्ग पर कई बड़े दुकान व प्रतिष्ठान सहित भी संचालित हैं। ग्राम पंचायत में दो निजी हायर सेकेण्डरी स्कूल हैं।

ऐसे में क्षेत्र का जनसंख्या घनत्व अधिक है एवं कृषि परियोजना के अतिरिक्त अन्य साधनों से नियोजन अधिक होता है। ग्राम का स्वरूप शहरी परिवेश में निर्मित है, जहां मुख्य बाज़ार,फ़ौजी गली, शांतिनगर कॉलोनी व महावीर कालोनी निर्मित है, यहाँ पर कई कारोबारी, व्यवसाई, अधिकारी एवं कर्मचारी के साथ कोल माईन्स से रिटायर्ड कर्मचारी भी निवासरत हैं। ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर में लगभग 80 प्रतिशत क्षेत्र में पक्का मकान निर्मित है। वर्ष 2011 के जनगणना के अनुसार ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर की कुल जनसंख्या 6567 है, जिसमें अजजा वर्ग की जनसंख्या 828 है। शेष पिछड़ा वर्ग व सामान्य वर्ग की आबादी थी एवं वर्तमान में ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर की जनसंख्या लगभग 15 हजार से ऊपर है एवं मतदाता 5 हजार से ऊपर हैं, जिसमें 85 प्रतिशत की आबादी सामान्य वर्ग एवं पिछडा वर्ग से आते हैं।

### फ़ंड के अभाव में कई विकास कार्य रुके, नहीं हो पाता मेंटेनेंस कार्य

बताया गया कि ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर के मुख्य मार्ग में सीएसआर मद से स्ट्रीट लाईट तो लगी है परन्तु ग्राम पंचायत होने के कारण उसका समुचित देखरेख व बिजली बिल भी भुगतान नहीं होने के कारण बंद पड़ी हुई है। ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर में मुख्य शहर में एनएच विभाग द्वारा नाली निर्माण कार्य तो कराया गया है लेकिन ग्राम पंचायत होने की कारण राशि अभाव के कारण उसकी साफ-सफाई का काम कभी नहीं हो पाता है। इसी ग्राम में शांतिनगर एवं महावीर कालोनी के अलावा शिवनंदनपुर बस्ती, भातुपारा, बचरपारा, गवटियापारा ,आदर्श गली, फौजी गली, गुदरी गली में राशि के अभाव के कारण न कहीं पक्की सड़क की सुविधा है और न ही कहीं पक्की नाली है। इसके अलावा कहीं स्ट्रीट लाईट भी नहीं है। ग्राम पंचायत होने के कारण राशि अभाव मे मूलभूत कार्य नहीं हो पा रहें हैं। 518 लोगों के हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन में ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर को जल्द ही नगर पंचायत का दर्जा दिलाए जाने की मांग कलेक्टर से की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप वरिष्ठ भाजपा नेता ललित गोयल, शिवनंदनपुर उपसरपंच कृष्ण गोयल, नरेंद्र जैन, अधिवक्ता, बलराम शर्मा, अंशुल गोयल, जनपद सदस्य पति संजय सोनी, मनी बग्गा, गुप्तेश्वर गुप्ता, शशि नान्हू, रामु गोयल, अमर लाल साहू, प्रेमचंद धाभाई सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### केबिनेट मंत्री व सरगुज़ा सांसद को भी दिया गया ज्ञापन

ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर को जल्द नगर पंचायत का दर्जा दिलाए जाने की मांग को लेकर ग्रामवासियों द्वारा भटगांव विधायक व कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े व सरगुजा सांसद चिंतामणि महराज से मुलाकात करते हुए उनको भी ज्ञापन सौंपा है। इस संबंध में दोनों के द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को जल्द ही उचित पहल कराए जाने का भरोसा दिलाया गया है।




































## खबर संक्षेप



### सांस्कृतिक भवन का विधायक ने किया लोकार्पण

**लखनपुर।** नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में 17 जुलाई को भवानी मंदिर और शिव मंदिर सांस्कृतिक भवन लोकार्पण कार्यक्रम सहित वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन नगर पंचायत कार्यालय की ओर से किया गया। लोकार्पण और वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल शामिल हुए। लखनपुर नगर के वार्ड क्रमांक 3 भवानी मंदिर, क्रमांक 6 स्थित शिव मंदिर प्रांगण के सांस्कृतिक भवन में विधि विधान से पूजा अर्चना कर विधायक राजेश अग्रवाल ने फीता काटकर लोकार्पण किया। वहीं नगर के सामुदायिक भवन, शिव मंदि , देव तालाब, टटेंगा डबरी, ढांगा तालाब प्रांगण में पौधरोपण किया गया। विधायक राजेश अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री दिनेश साहू, उपाध्यक्ष रामनारायण दुबे ने नगर वासियों से एक पेड़ मां के नाम अभियान को लेकर पौधरोपण करने का आह्वान किया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष कृपा शंकर गुप्ता, नगर पंचायत नेता प्रतिपक्ष रमेश जायसवाल, ओबीसी पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल, पार्षद अमित बारी, विनेशराम खलखो, पवन भुइयां, मालती कश्यप, मुख्य नगर पालिका अधिकारी विद्यासागर चौधरी, सुरेंद्र साहू, सतनारायण तिवारी सहित वार्डवासी मौजूद रहे।

### श्रम संगठनों का दो दिवसीय सदस्यता सत्यापन आज से

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर में श्रम संघों का दो दिवसीय सदस्यता सत्यापन का कार्य आज शुक्रवार 19 व 20 जुलाई को संपन्न होगा।क्षेत्र में सक्रिय पांच यूनियनों में भारतीय मजदूर संघ, एचएमएस,एटक, इंटक,सीटू शामिल हैं।सभी यूनियन अपने पक्ष में अधिक से अधिक सदस्यों को जोड़ने पूरा जोर लगाया हुआ है ,इसके लिए सभी डोर टू डोर संपर्क कर रहे हैं।इस वर्ष यूनियनों ने सदस्यता राशि में भी बढ़ोतरी की है। एचएमएस की सदस्यता शुल्क एक हजार रुपये भारतीय मजदूर संघ का छह सौ रुपए,एटक का छह सौ,इंटक का साढ़े छह सौ सदस्यता राशि निर्धारित है,उक्त चारों यूनियन चेक आफ सिस्टम से सदस्यता राशि प्राप्त करते हैं,जिसमें मजदूर जिस संगठन के पक्ष में सदस्यता राशि देने की सहमति प्रबंधन को देता है ,प्रबंधन उसके वेतन से राशि काटकर सम्बंधित यूनियन के खाते में जमा कराती है।जबकि सीटू यूनियन अपने सदस्यो से राशि नगद में प्राप्त करती है।गत वर्ष क्षेत्र में बीएमएस सर्वाधिक सदस्यो के साथ नंबर एक जबकि एटक नंबर दो एवं एचएमएस नंबर तीन पर रही थी। वर्तमान में क्षेत्र में ढाई हजार के करीब मैन पवार कार्यरत बताए गए हैं।

### खेल अकादमी रायपुर के लिए चयनित हुई कस्तूरबा की छात्राएं



**रजपुरीकला।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय रजपुरी कला की चार छात्राएं अनीता प्रजापति, बबली राजवाड़े, प्रियांशी महंत एवं विनीता एक्का तथा अंबिकापुर कस्तूरबा की मरियम केरकेट्टा, अनुष्का टोप्पो एवं करिश्मा एक्का तीन छात्राओं का चयन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अंतर्गत आवासीय तीरंदाजी खेल अकादमी रायपुर के लिए हुआ है। इन छात्राओं ने चयन प्रक्रिया के लिए राज्य स्तरीय चयन ट्रायल के दौरान बिलासपुर और रायपुर दोनों ही जगह ट्रायल में भाग लिया था। अंबिकापुर एवं लखनपुर की कुल सात छात्राएं रायपुर खेल अकादमी के लिए चयनित हुई। जो कस्तूरबा परिवार एवं सरगुजा के लिए गौरव की बात है। इस उपलब्धि पर रायपुर जाने से सभी छात्राएं कलेक्टर भोस्कर विलास संदीपान से मुलाकात की। कलेक्टर ने बच्चों की उपलब्धि पर हर्ष जताते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और भविष्य में भी अच्छे प्रदर्शन हेतु प्रोत्साहित किया। छात्राओं के 12वीं तक की पढ़ाई एवं खेल की सारी व्यवस्था खेल अकादमी द्वारा की जाएगी। इस दौरान रविशंकर तिवारी, राम कुमार सिंह, देवेंद्र सिन्हा, श्रीमती अनुराधा सिंह, श्रीमती गुलाब खेस उपस्थिति रही।

### आत्मानंद विद्यालय में मनाया गया हैंडवाश दिवस



**मानीचौक।** आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केतका में हैंड वाश डे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल प्राचार्य जेआर शांडिल्य के निर्देश पर स्कूल परिसर में छात्र-छात्राओं को हैंड वॉश कराया गया। हैंड वॉश क्यों जरूरी है इसके बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि घर में रहो या बाहर में हाथ धोने के पूरा विधि आने चाहिए तभी स्वास्थ्य जीवन का परिकल्पना किया जा सकता है । इस दौरान स्कूल के समस्त स्टाफ व स्कूली बच्चे उपस्थित रहे ।

## निधन

### संत नान्ह रामश्याम

**अम्बिकापुर।** खुंटा भगत संत समाज के गुरू नान्ह राम श्याम का बुधवार को निधन हो गया। वे 85 वर्ष के थे तथा लम्बे समय से अस्वस्थ थे । उपचार के दौरान ह्दयगति रूकने के कारण उन्होंने एक निजी अस्पताल में अंतिम सांसें ली । उनका अंतिम संस्कार शंकर घाट मुक्तिधाम में किया गया । इस दौरान बड़ी संख्या में संत समाज के सदस्य एवं श्रद्धालु उपस्थित थे ।

## तीन वर्ष पूर्व पुलिया हुई क्षतिग्रस्त, बढ़ी परेशानी

# बरसात के मौसम में पहुंचविहीनता का दंश झेल रहा बतौली क्षेत्र का खीराआमा गांव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

आजादी के 77 साल बाद भी ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत गोविंदपुर के आश्रित ग्राम खिराआमा आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। गांव के विकास के नाम पर सिर्फ एकल बत्ती बिजली कनेक्शन दिया गया है जबकि गांव में पेयजल, सड़क पुल पुलिया सहित कई समस्याओं से आज भी ग्रामीणों को जूझना पड़ रहा है। क्षेत्र के ग्रामीणों की समस्या बरसात के मौसम में न सिर्फ काफी बढ़ जाती है बल्कि तीन साल पूर्व पुलिया के क्षतिग्रस्त हो जाने से आवागमन की सुविधा नहीं होने पर आसपास क्षेत्र से कट टापू बन जाता है। ऐसे में खिराआमा गांव के लोग बरसात मौसम जान जोखिम में डाल टूटे हुए पुलिया के सहारे आवागमन करने को विवश है।

**खास बात**
- जान जोखिम में डाल करते है आवागमन

शासन प्रशासन ग्रामीण क्षेत्र के विकास को लेकर गंभीर है परंतु आज भी जिले के कई ऐसे गांव है जो मूलभूत सुविधाओं से कोसो दूर है। ऐसे में शासन प्रशासन के विकास का दवा सिर्फ कागजों पर ही सिमट कर रह गई है। विकासखंड बतौली क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोविंदपुर के आश्रित गांव खिराआमा में मूलभूत सुविधा की भारी कमी है। गांव में आवागमन हेतु व्यवस्थित सड़क नहीं होने से बारिश के इस मौसम में क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानी होती है। शासन प्रशासन द्वारा पहाड़ी कोरवा परिवारों के लिए अनेक योजनाएं संचालित है जो सिर्फ कागजों में संचालित हो रहे है। जिसके कारण ग्राम पंचायत गोविंदपुर के आश्रित ग्राम खिराआमा में निवासरत पहाड़ी कोरबा समाज के 50 घरों के लगभग 200 परिवार आज भी पहुंच विहिंता का दंश झेल रहा हैं। कोरवा समाज के लोगों के आवागमन करने हेतु परियोजना मद से पांच वर्ष पूर्व 10 लाख की स्वीकृत राशि से अधिकारियों द्वारा पुलिया का निर्माण कराया गया था। घटिया निर्माण के कारण पुलिया 3 वर्ष में ही धराशाई हो गया और बचा हुआ हिस्सा नदी के पानी से और क्षतिग्रस्त हो गया। ऐसे में बरसात के मौसम में खिराआमा गांव न अन्य पंचायत से कट जाता है बल्कि पहुंच विहीन होने के साथ टापू बन जाता है। ऐसा नहीं है कि क्षेत्र के लोगों ने पुलिया निर्माण कराने की मांग नहीं की है बावजूद इसके आज तक किसी प्रकार की पहल नहीं की गई जिसका खामियाजा क्षेत्र के लोगों को भुगतना पड़ रहा है।



क्षतिग्रस्त पुलिया।

#### पुलिया निर्माण कराने की मांग

ग्राम पंचायत गोविंदपुर के आश्रित ग्राम खिराआमा में पांच वर्ष पूर्व 10 लाख की लागत से पुलिया का निर्माण किया गया था। पुलिया निर्माण होने से ग्रामीणों को बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध हुई परंतु पुलिया निर्माण गुणवत्ताहीन होने के कारण दो साल बाद ही क्षतिग्रस्त हो गया जिससे पूर्व की भांति हालत हो गई। तेज बारिश होने पर पुलिया और भी क्षतिग्रत हो गई। पुलिया के क्षतिग्रस्त होने तथा आवागमन में हो रही परेशानियों को लेकर ग्रामीणों ने पुलिया निर्माण कराने की मांग की है।

#### मरीजों झेलगी से लेकर जाते है परिजन

खिराआमा गांव आने जाने के लिए एकमात्र रास्ता पुलिया से होकर गुजरा है। ऐसे में पुलिया के क्षतिग्रस्त हो जाने पर ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जब भी भारी बारिश होती है पुलिया से गुजरना काफी खतरनाक होता है जिससे आवागमन पूर्ण रूप से बाधित हो जाती है। पुल नहीं होने से बरसात के दिनों में खिराआमा गांव ग्राम पंचायत से अलग हो जाती है। ऐसे में क्षेत्र को लोगों को जरूरी सामान व राशन के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जबकि गांव में कोई बीमार या किसी गर्भवती माता को प्रसव पीड़ा हुआ तो उसे झेलगी के सहारे पुलिया पार कर मुख्य मार्ग तक लेकर जाना पड़ता है। ऐसे में हमेशा जान का खतरा बना रहता है।

#### हर संभव किया जाएगा सहायता

ग्राम पंचायत गोविंदपुर के खिराआम स्थित पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई है तो संबंधित विभाग को जांच हेतु आदेशित किया जाएगा। ग्रामीणों की सुविधा प्रदान करने की हर संभव सहायता किया जाएगा।

-रवि राही
एसडीएम सीतापुर



क्षतिग्रस्त तटबंध।

## पहली बारिश में ही भरभरा कर गिर गया 10 लाख का तटबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेलखरिखा

छोटे से बरसाती नाले से अपने खेत की मिट्टी को बचाने के लिए सरपंच ने सांसद निधि से तटबंध का निर्माण करा दिया। निर्माण के नाम पर खानापूर्ति करने के कारण तटबंध एक सप्ताह भी खड़ा नहीं रह पाया और पहली बरसात में ही भरभरा कर गिर गया।

- ग्राम पंचायत मुकुंदपुर के सरपंच ने एक सप्ताह पूर्व कराया था निर्माण

ग्राम पंचायत मुकुंदपुर से बरसाती खेखरा नाला गुजरता है। नाला के किनारे सरपंच की भूमि है। बरसात के दौरान भारी वर्षा होने पर नाला किनारे के खेतों की मिट्टी बहती है साथ ही तेज धार में कुछ खेतों की मिट्टी का कटाव होता है। ग्रामीणों की मांग पर मिट्टी का कटाव रोकने सांसद ने तटबंध निर्माण के लिए कुल 10 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की थी। शासन द्वारा राशि जारी की गई तो सरपंच ने अपनी जमीन के किनारे तटबंध निर्माण की खानापूर्ति कर दी। निर्माण में न तो मानक के अनुसार सीमेंट का उपयोग किया गया न ही सरिया का। नतीजा यह हुआ निर्माण पूरा होने के एक सप्ताह बाद हुई पहली बारिश में ही तटबंध भरभरा कर गिर गया। सरपंच द्वारा की गई निर्माण की खानापूर्ति से शासन द्वारा जारी 10 लाख रूपए की भेंट चढ़ गयी तथा ग्रामीणों को निर्माण का लाभ भी नहीं मिला। नाराज ग्रामीणों ने गुणवत्ताहीन निर्माण की जांच कराने एवं सरपंच से तटबंध की राशि वसूलने की मांग की है।

इस संबंध में जनपद पंचायत लखनपुर के जनपद सीईओ वेदप्रकाश पाण्डेय ने बताया कि तटबंध निर्माण की जांच कराई जाएगी तथा सरपंच के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।



### कांवरियों की सेवा करने बोल बम सेवा समिति के सदस्य हुए रवाना

**बिश्रामपुर/राजपुर।** श्रावण मास में कांवड़ियों की सेवा करने गुरुवार को सरगुजा कोरिया बोल बम सेवा समिति के सदस्य रवाना हो गए हैं। गौरतलब है कि सरगुजा कोरिया बोल बम सेवा समिति छत्तीसगढ़ का 20 वां वर्ष का भंडारा सुल्तानगंज से देवघर पैदल मार्ग पर लगाने के लिए समिति के सदस्य रवाना हो गए हैं। पूरे श्रावण मास में सेवा समिति के सदस्यों द्वारा प्रतिवर्ष बाबा धाम देवनगरी के पैदल मार्ग पर जाने व आने वाले कांवड़ियों की सेवा की जाती है। साथ ही पूरे सावन माह में समिति द्वारा भंडारा आयोजित किया जाता है। समिति के संस्थापक सदस्य व अध्यक्ष सुभाष शर्मा के नेतृत्व में दिनेश गोयल, बाबूलाल अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, राजेंद्र बंसल, रामस्वरूप गुप्ता, प्रमोद ठाकुर, शंकर अग्रवाल, रामू शर्मा, पवन अग्रवाल, नाथूलाल अग्रवाल, अर्जुन अग्रवाल, महाकाल, नन्हे गुप्ता सहित अन्य सदस्य वहां जाकर सेवा करने रवाना हुए हैं।

## सरगुज़ा नागरिक अधिकार मंच ने ट्रेन संबंधी मांग को लेकर सांसद व विधायक से की भेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सरगुजा एक पिछड़ा आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है। इस क्षेत्र में आवागमन के बहुत ही सीमित साधन उपलब्ध हैं। सरगुजा संभाग कोयला उद्योग से जुड़ा क्षेत्र है, इस वजह से देश के लगभग सभी प्रदेशों के नागरिक यहां पर निवास करते हैं और कार्यरत हैं, जिन्हें यातायात के सुगम साधन उपलब्ध न होने की वजह से काफी असुविधा होती है। इसी समस्या के मद्देनजर सरगुजा नागरिक अधिकार मंच ने पिछले दिनों प्रधानमंत्री सहित रेल मंत्री, महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, क्षेत्रीय सांसद, मंत्रियों व विधायक को पत्र लिखकर इस ओर ध्यान आकर्षित कराया था।

इस पत्र में उल्लेख किया गया था कि आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र सरगुजा को राजधानी रायपुर से जोड़ने वाली एकमात्र ट्रेन 18242 दुर्ग एक्सप्रेस जो रायपुर प्रातः 8:35 पर पहुंचती है और अक्सर विलंब से चलती है। जिस वजह से राज्य की प्रमुख ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस के साथ-साथ गोंडवाना एक्सप्रेस, मुंबई मेल, ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस इत्यादि ट्रेनों में यात्रा करने से सरगुजा के आम रहवास वंचित रह जाते हैं। साथ ही ट्रेन जब लेट पहुंचती है तो सरगुजावासी दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, कोलकाता, भुवनेश्वर, इंदौर, चेन्नई, हैदराबाद इत्यादि शहरों की हवाई यात्रा का लाभ भी नहीं ले पाते हैं।नागरिक अधिकार मंच की मांग है कि 18242 अंबिकापुर-दुर्ग एक्सप्रेस प्रातः 8:35 बजे की स्थान पर 7 बजे रायपुर स्टेशन पहुंच जाए इससे क्षेत्र के नागरिकों को बहुत से लाभ होंगे। एक ओर जहां 7 बजे ट्रेन पहुंचने पर नागरिक व कर्मचारी राजधानी के कार्यालय पहुंचकर अपने कार्य समय पर कर उसी दिन वापस भी हो सकेंगे। वहीं बड़े अस्पताल में बेहतर उपचार शीघ्र मिलने के साथ ही प्रतियोगी परीक्षा एवं प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थी उसी दिन सम्मिलित हो सकेंगे और एक दिन पूर्व पहुंचने की आवश्यकता नहीं होगी। मंच द्वारा यह भी मांग किया गया है कि दिल्ली से अंबिकापुर आने वाली ट्रेन का ठहराव बिश्रामपुर स्टेशन में भी देकर सरगुजा को राष्ट्रीय मानचित्र पर लाने व विकास के द्वार खोलने के लिए दिल्ली की ट्रेन का नाम सरगुजा सुपरफास्ट एक्सप्रेस कराई जाए। इस संबंध में पीएमओ रेलवे की तरफ से पत्राचार दर्ज में ग्रीवेंस को दर्ज किया गया है और रेलवे की तरफ से मांगों को मानने से इनकार कर दिया गया है। आम जनमानस की उक्त गंभीर समस्या को लेकर नागरिक अधिकार मंच के सदस्य प्रदीप गर्ग, वीरेश सिंह, राम रतन मित्तल, जतिन तायल, अशोक जिंदल, अंशुमान तिवारी, अशोक जिंदल ने सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज व प्रेमनगर विधायक भूलन मरावी से मुलाकात कर अपनी मांगों को रेलवे के सामने प्रमुखता से उठाने की अपील की है।



## गुमगरा जंगल में चल रही थी बांस की कटाई, ग्रामीणों ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर


जंगल में पेड़ो की अवैध कटाई के साथ अब तस्कर बेखौफ होकर बांस प्लांटेशन की भी कटाई कर रहे है। तस्करों द्वारा विगत दो दिनों से की जा रही बांस कटाई की सूचना पर ग्रामीणों ने बीती रात जंगल में घुसकर अवैध कटाई को रोका गया। इस दौरान मौका पाकर तस्कर फरार हो गए। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम द्वारा 43 नग बांस को जब्त किया गया है।

- तस्कर हुए फरार, 43 बांस जब्त

बता दें कि वन परिक्षेत्र गुमगरा कला के बीट क्रमांक 2250 में बांस प्लांटेशन किया गया है। उक्त बांस प्लांटेशन में विगत दो दिनों से बांस की अवैध रूप से कटाई की जा रही थी। इस बात की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने बांस प्लांटेशन में दबिश दी लेकिन इस दौरान तस्कर काटे गए बांस को छोड़कर फरार हो गए। ग्रामीणों के अनुसार तस्करों द्वारा दो दिनों में 100 से अधिक बांस को बेच दिया गया। वहीं घटना स्थल से 400 मीटर की दूरी पर बीट गार्ड का विश्रामगृह है लेकिन वन विभाग को इसकी जानकारी नहीं मिल पाई। ग्रामीणों द्वारा दी गई सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम द्वारा मौके से 43 बांस को जब्त किया गया है लेकिन फिलहाल तस्कर मौके से फरार हो गए है। बांस प्लांटेशन में अवैध कटाई को लेकर ग्रामीणों में रोष का माहौल है।

इस संबंध में रेंजर मेरी लीला लकड़ा ने बताया कि बांस प्लांटेशन में अवैध कटाई की सूचना पर टीम को भेजा गया। बीट प्रभारी ने मौके पर पहुंचकर बांस को जब्त किया है। इस मामले की जांच की जा रही है।

## अकीदत से मनाया गया मोहर्रम, निकला मातमी जुलूस





**सूरजपुर।** मातमी त्योहार मोहर्रम मुस्लिम समाज ने अकीदत के साथ बुधवार को मनाया। इस अवसर पर नगर के मस्जिद पारा, नवापारा, महगंवा और मानपुर से मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मातमी जुलूस निकाला वहीं सभी जगह से ताजिया निकाला गया। जुलूस और ताजिया मस्जिद पारा से लेकर भैयाथान चौक पर महगंवा से आए ताजिया एवं थाना चौक से मानपुर का ताजिया मिलाते हुए, नवापारा के ताजिया के साथ सभी मुस्लिम समुदाय के लोग एक साथ मिलकर वापस भैयाथान चौक पहुंचे जहां लंगर और फातिहा खानी का आयोजन किया गया। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने करतब का प्रदर्शन किया। करतब के बाद जुलूस कर्बला शरीफ पहुंचा जहां अंजुमन कमेटी सूरजपुर द्वारा सभी ताजिया कमेटी को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इस दौरान इश्तेयाक अहमद सदर जामा मस्जिद, मुश्ताक़ पंडरी, दिलबर खान ,कलीम उल्लाह, फिरोज नवापारा, इकबाल खान, सलीम खान मानपुर, रज्जाक अहमद,जफर हैदर, अख्तर अली, समीर अहमद, दानिश, नौशाद अहमद, इमाम हसन,आमिर खान, शमरोज खान, अयान खान, सलीम चिश्ती, इमरान कुरैशी आदि मौजूद थे।

#### दुर्गा पूजा समिति ने की जलपान की व्यवस्था

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गंगा जमुनी तहजीब के साथ मुस्लिम समुदाय के लिए जलपान का इंतजाम दुर्गा पूजा समिति द्वारा गया किया। ताजियादारों और जुलूस के लिए हर वर्ष गंगा जमुनी तहजीब के साथ नवापारा में दुर्गा पूजा समिति के समीप मुस्लिम समुदाय के लोगों के लिए जलपान का व्यवस्था किया जाता है। इस दौरान समिति रामकृष्ण ओझा, अनूप अग्रवाल, राम श्रृंगार यादव, संतोष सोनी सहित दुर्गा पूजा समिति के अन्य लोग मौजूद थे।

## वन विभाग की टीम ने 6 नग साल लट्ठा से भरे पिकअप को पकडा

**रामानुजगंज।** क्षेत्र में गश्त कर रहे वन विभाग की टीम ने अवैध रूप से साल लट्ठा लेकर जा रहे जा है पिकअप वाहन को उत्तर प्रदेश सीमा के समीप पकड़ा है जबकि वाहन सवार चालक व एक अन्य व्यक्ति मौके से फरार हो गए। जब्त की गई लट्ठा की कीमत 5 लाख रुपए बताई जा रही है। वन परिक्षेत्र वाड्रफनगर अंतर्गत वनमण्डलाधिकारी बलरामपुर अशोक तिवारी के निर्देशन में एवं अनिल सिंह पैकरा उप वनमंडलाधिकारी वाड्रफनगर के मार्गदर्शन में संगठित वन अपराध की रोकथाम की सघन मुहिम चलाई जा रही है। इसी कड़ी में वन परिक्षेत्र अधिकारी वाड्रफनगर रामनारायण राम के नेतृत्व में बीती रात गश्त के दौरान परिसर रंगई के कक्ष क्रमांक आरएफ 729 से एक पेड़ की कटाई कर अवैध रूप साल लट्ठा 6 नग पिकअप वाहन क्रमांक जेएच 03 पी 0958 द्वारा अवैध रूप से परिवहन करने की सूचना मिली। जिस पर वन अमला की टीम ने वाहन का पीछा करते हुए ग्राम शारदापुर से स्याही, बैकुण्ठपुर, गोबरा होते हुए उत्तर प्रदेश सीमा स्थित आसनडीह गांव के समीप पकड़ा। जहां वाहन चालक एवं उसके एक साथी मौके से फरार हो गए थे। हालांकि टीम ने दोनो का पीछा किया लेकिन दोनों भागने में सफल हो गए। वन विभाग की टीम ने साल लट्ठा से भरे पिकअप का जब्त कर अज्ञात के विरूद्ध वन अधिनियम के तहत कार्रवाई कर तलाश शुरू कर दी है। कार्रवाई में वनपाल सुरेश प्रसाद यादव, श्रीमती मोनिका तिग्गा, श्रीमती जोसफिन केरकेट्टा, मथुरा प्रसाद दुबे, रूप प्रसाद, वनरक्षक सुनिल सिंह पैकरा सहित अन्य सक्रिय थे।



## दंतैल ने 6 घरों को ढहाकर बनाया खण्डहर, खा गया अनाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

बीती रात अकेले घूम रहे दंतैल ने ग्राम रमकोला एवं आसपास के क्षेत्रों में भारी तबाही मचाई है। दंतैल ने ग्राम रमकोला एवं बड़वार एवं भेलकच्छ में 6 ग्रामीणों के घरों में तोड़फोड़ की तथा घर में रखा अनाज को चट कर गया। दंतैल ने घरों में रखे उपयोगी सामानों को भी नष्ट कर दिया है। भरी बरसात में दंतैल द्वारा घरों को ढहाने के कारण ग्रामीणों के समक्ष गुजर-बसर करने का संकट उत्पन्न हो गया है।

- प्रभावित ग्रामीणों के समक्ष बरसात में गुजर-बसर का संकट

बीती रात अभ्यारण्य क्षेत्र से पहुंचे दंतैल ने ग्राम रमकोला में जमकर तबाही मचाई। दंतैल ने गांव के रामचंद्र सिंह एवं श्रीनाथ पोया के घर में तोड़फोड़ की एवं घर में रखा अनाज खा गया। परिवार के सदस्यों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। ग्राम रमकोला में तोड़फोड़ मचाने के बाद मध्य रात्रि दंतैल ग्राम भेलकच्छ पहुंचा एवं बृज दोहरे के घर में तोड़फोड़ करने के बाद घर में रखा अनाज खा गया तथा टीवी, बर्तन एवं अन्य सामानों को नष्ट कर दिया। दंतैल ने बड़वार निवासी भूपेश यादव व रहमतुल्लाह के घर को ढहाकर खण्डहर बना दिया। भरी बरसात में दंतैल द्वारा ग्रामीणों का घर ढहाने के कारण परिवार के समक्ष बड़ा संकट उत्पन्न हो गया है।

प्रभावित ग्रामीणों ने बताया कि पूरी रात बिजली गुल रहने के कारण हाथियों के आने पर विपरीत स्थिति निर्मित हो जाती है। हाथी ने 5-6 किसानों की मक्के व धान की फसल तबाह कर दी है। गोंगपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष श्री कवल साय सरूता ने हाथी प्रभावित ग्रामीणों से मिलकर क्षति का जायजा लिया एवं जल्द मुआवजा भुगतान कराने का आश्वासन दिया।



### करंट की चपेट में आने से ग्रामीण की मौत

**राजपुर।** घर में विद्युत तार ठीक करते समय करेंट की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। करेंट की चपेट में आकर युवक बुरी तरह झुलस गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि मूलतः सूरजपुर जिले के प्रतापपुर बोझा निवासी 30 वर्षीय गोपाल सिंह आ. विक्रम सिंह अपने पिता के साथ राजपुर के ग्राम चौरा स्थित नाना के घर रहता था। 17 जुलाई को युवक घर में बिजली के पुराने तार को ठीक कर रहा था इस दौरान युवक के कंधे पर टूटकर तरंगित तार गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मृतक के भाई ज्ञान सिंह ने पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को मर्ग कायम कर पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

हरिभूमि 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736